# मुख्यमंत्री भू-अधिकार योजना

## चर्चा में क्यों?

25 सितिंबर, 2021 को मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने सतना ज़िले के रैगाँव में पं. दीनदयाल उपाध्याय की जयंती के अवसर पर **हर वर्ग के गरीब आवासहीनों को रहने के लिये ज़मीन का पट्टा देने** हेतु प्रदेश में '**मुख्यमंत्री भू-अधिकार योजना**' लागू करने की घोषणा की।

## प्रमुख बिंदु

- इस योजना के प्रथम चरण में सर्वे करके गरीबों का चिह्नांकन किया जाएगा। इसके बाद इन्हें उपलब्ध शासकीय ज़मीन में आवासीय प्लॉट दिये जाएंगे। सरकारी ज़मीन उपलब्ध न होने पर निजी भूमि खरीद कर भी गरीबों को दी जाएगी। इस योजना में सतना ज़िले को मॉडल बनाया जाएगा।
- शहरों में जहाँ भूमि उपलब्ध नहीं होगी, वहाँ **मल्टी स्टोरिंग बिल्डिंग** बनाकर रहने की व्यवस्था की जाएगी।
- जो **भूमि, भूमि माफियाओं से मुक्त कराई जाएगी**, उसे भी इस योजना के तहत शामिल किया जाएगा।
- मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने **रैगाँव** में इसी सत्र से कॉलेज खोलने, तहसील भवन के निर्माण के लिये एक करोड़ 15 लाख रुपए की स्वीकृति दी। साथ ही '**सीएम राइज स्कूल**' खोलने और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में उन्नयन एवं ग्रामीण खेल स्टेडियम बनाने की घोषणा की।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/mukhyamantri-bhu-adhikar-yojana